वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 312 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
10 मई 2025 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
35 अधिकतम
25 न्यूनतम




# पाक के एक-एक झूठ को भारतीय सेना ने तस्वीरों से किया बेनकाब, वीडियो जारी


साभार


पोखरण और पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों के हमले विफल करने के बाद मिले अवशेष।

# हाईस्पीड मिसाइल दिल्ली के पहले ध्वस्त, सियालकोट लांचपैड तबाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिनों से हर बार जंग के मैदान में भारत से हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान हर पैंतरें आजमाने की कोशिश कर रहा है। उसकी बौखलाहट साफ झलकने लगी है, वह झूठे दावे भी कर रहा है, फौज का जमावडा भी सीमा के पास देखा जा रहा है। पाकिस्तान ने आज सुबह भारत पर हमले के लिए लंबी दूरी तक वार करने वाली फतेह मिसाइल का उपयोग भी किया। माना जा रहा है कि राजधानी दिल्ली को टारगेट करते हुए यह मिसाइल दागी, जिसे हरियाणा के सिरसा में नाकाम कर दिया गया। मिसाइल हमले को नाकाम करने के बाद भारतीय डिफेंस सिस्टम और अलर्ट कर दिया गया है। इधर भारतीय विदेश सचिव ने कहा है कि पाकिस्तान झूठे क्लेम कर रहा है कि हमारे एयरफोर्स स्टेशन को नुकसान हुआ। आदमपुर बेस के नुकसान की बात भी बिल्कुल झूठ है। सिरसा, सूरतगढ़ एयरबेस के विडियो दिखाए कि नुकसान नहीं हुआ। बल्कि पाकिस्तान सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचा रहा है। फिरोजपुर, जालंधर, जम्मू में सिविल प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के यह आरोप झूठे हैं कि भारत धार्मिक स्थलों पर मिसाइल दाग रहा। दरअसल, आज पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि पठानकोट में एयरफील्ड को निशाना बनाया है। इसके अलावा अमृतसर के ब्यास में स्थित ब्राह्मोस मिसाइल की स्टोरेज साइट पर भी हमले का दावा किया।



इसके बाद प्रेस कांफ्रेस में विदेश सचिव विक्रम मिसरी,कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान लगातार भारत पर मिसाइल अटैक कर रहा है। उसने हाईस्पीड मिसाइल से पंजाब के उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और गुजरात के भुज एयरबेस पर हमला किया, जिसमें हमें नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान अस्पताल और स्कूल को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। मगर हमारी ब्रह्मोस फैसिलिटी तबाह करने का दावा गलत है। एस 400 डिफेंस सिस्टम भी पूरी तरह सुरक्षित है। भारतीय सेना ने एक वीडियो जारी कर बताया कि पाकिस्तान की एक चौकी को ध्वस्त किया गया है, जहां भारत में ड्रोन भेजे जाते थे। रक्षा सूत्रों के अनुसार, जम्मू के निकट पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड्स को भारतीय सेना ने नष्ट कर दिया है, जिनका इस्तेमाल ड्रोन लॉन्च के लिए किया जा रहा था। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की आपातकालीन बैठक बुलाई है। पाकिस्तान में परमाणु हथियारों को लेकर कोई भी फैसला यही प्राधिकरण करता है।

## अमेरिका ने पाक सेना प्रमुख को 'लाइन' पर लिया!

■ इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सुबह पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर से फोन पर बात की है। इस घटनाक्रम को अहम माना जा रहा है, क्योंकि रुबियो अब तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से ही बात कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान में सरकार और सेना के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सेना कभी भी सरकार के खिलाफ बगावत कर सकती है। यह भी माना जा रहा है कि नरेंद्र मोदी के सामने शहबाज शरीफ बहुत कमजोर पड़ रहे हैं।

## भारी नुकसान उठा रहा पाकिस्तान

■ इसी तरह पाकिस्तानी एयर फोर्स के लड़ाकू विमानों ने श्रीनगर एयरबेस को हिट करने की कोशिश की, जिसे भारतीय एयर फोर्स ने नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के दो फाइटर जेट भी मार गिराए. भारत ने पाकिस्तानी एयर डिफेंस की बखिया उधेड़ते हुए उसके चार एयरबेसों को मिसाइल हमले में तबाह कर दिया. पाकिस्तानी सेना भारतीय हमलों में हुए नुकसान को छिपाने की रणनीति पर काम कर रही है।

## कर्नल सोफिया बोलीं - हम तनाव बटाना नहीं चाहते बशर्ते....

भारतीय थल सेना में कर्नल कुरैशी ने आज मीडिया ब्रीफिग में कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों की आड़ लेकर हमला किया। ऐसे में भारत ने नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सटीकता से कार्रवाई की। उसने कुपवाड़ा बारामूल, राजौरी और पुंछ में तोप मोर्टार से भीषण गोलीबारी की और भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सेना को काफी नुकसान पहुंचाया। कर्नल सोफिया ने कहा कि पाकिस्तान की मंशा संघर्ष को भड़काने की है। भारतीय सशस्त्र बल पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय सशस्त्र बल संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते, लेकिन पाकिस्तान की यही मंशा है। उन्होंने कहा हम तनाव नहीं बढाना चाहते हैं बशर्ते पाकिस्तान की भी यही मंशा हो।



## मोदी-डोभाल व राजनाथ-चौहान के बीच चर्चा

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से फोन पर बात की। उधर पीएम मोदी से सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने फिर मुलाकात की है तो सीडीएस अनिल चौहान ने आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ लंबी चर्चा की है। इसके बाद आज दोपहर तीनों सेना प्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे। इसे अहम घटनाक्रम माना जा रहा है। पाकिस्तान के दुषप्रचार व नागरिकों पर हमलों के बीच भारतीय सेना की सघन कार्रवाई के बीच यह बैठक अहम है।




## गोलाबारी में एक अफसर समेत पांच मौत

■ पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार से सीमावर्ती इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है आज पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में गोलाबारी की. जिससे जम्मू-कश्मीर के एक अधिकारी समेत 5 लोगों की मौत हो गई. भारतीय सेना के अधिकारियों के मुताबिक जम्मू क्षेत्र के राजौरी जिले में एक पाकिस्तानी गोला कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर पर गिरा. जिससे राजौरी के अतिरिक्त उपायुक्त राज कुमार थापा और उनके दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया मगर थापा बच नहीं पाए, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, हमने एक समर्पित अधिकारी को खो दिया है. कल ही वह डिप्टी सीएम के साथ जिले में घूम रहे थे और मेरी अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए थे।

## 32 एयरपोर्ट बंद, बाकी पर सेवाएं सामान्य

■ देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा इंतजाम और कड़े कर दिए गए हैं। इस बीच देश के 32 एयरपोर्ट 15 मई तक बंद कर दिए गए हैं। ये हवाई अड्डे 15 मई को सुबह 5.29 बजे तक बंद रहेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह कदम उठाया गया है। हालांकि, कुछ हवाई अड्डों का संचालन सामान्य है, लेकिन हवाई क्षेत्र में लगी कुछ पाबंदियों के चलते कुछ उड़ानों के समय में बदलाव हो सकता है। उत्तरी और पश्चिमी भारत में 32 हवाईअड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की गई है।

### फडणवीस की मौजूदगी में करार

## ताप्ती बेसिन प्रोजेक्ट पर एमओयू, राष्ट्रीय जल परियजना घोषित होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना ताप्ती बेसिन प्रोजेक्ट के एमओयू पर आज साइन हो रहे हैं। भोपाल में सीएम मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक मंत्रालय के बाद एमओयू किया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय नदी परियोजना है। हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केंद्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टीएमसी जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी मध्यप्रदेश को और 19.36 टीएमसी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा।



## भाजपा की वेबसाइट हैक !

**भोपाल/नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बिगड़े हालात के बीच हैकर्स ने आज मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ऑफिशियल वेबसाइट को हैक होने की खबर सुर्ख रही। जानकारी के मुताबिक हैकर्स ने बीजेपी की राष्ट्रीय वेबसाइट को भी हैक करने की कोशिश की है। मगर भाजपा सूत्रों ने बताया कि पार्टी की वेबसाइट पर सुबह कुछ यूजर्स ने जाकर देखा तो उस पर पाकिस्तान ऑपरेशन का नाम लिखा हुआ आ रहा था। हालांकि बाद में भाजपा और 404 लिखा हुआ दिखाने लगा। बताया जाता है कि भाजपा आईटी सेल को वेबसाइट में इस गडबडी की जानकारी जैसे ही मिली, टीम ने इसे ठीक करने का काम शुरू कर दिया। भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि सुबह जानकारी मिली थी। टीम ने जानकारी मिलते ही इसे रिस्टोर कर लिया है। हालांकि अग्रवाल ने पार्टी की राष्ट्रीय वेबसाइट हैक होने की बात से इनकार किया।




## दावा निपटारे के लिए डेढ़ अरब डॉलर का भुगतान करेगी गूगल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टॉर्नी जरनल केन पैक्सटन ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया।




### बोर्ड ने पुनर्विचार को कहा

## अब विराट भी टेस्ट मैचों से सन्यास के मूड में, बोर्ड को इरादा बताया

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली ने अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को यह जानकारी दे दी है। हालांकि, बोर्ड ने उन्हें अपने फैसले पर विचार करने के लिए कहा है। दो दिन पहले ही रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोहली ने रिटायरमेंट का फैसला कर लिया है और बोर्ड को बता दिया है। लेकिन इंग्लैंड का अहम दौरा आने वाला है लिहाजा बोर्ड उन्हें रुकने को कहा रहा है। हाल में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन IPL 2025 में वह जबरदस्त फॉर्म में रहे। उन्होंने अब तक 11 मैच में 505 रन बनाए हैं।




### बस व डंपर भिडंत

## शाजापुर व छिंदवाडा में दो सड़क दुर्घटना में 8 मौतें

**शाजापुर, दोपहर मेट्रो।** आज तडके आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर शाजापुर से 28 किलोमीटर दूर मक्सी बायपास पर डंपर ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इसके बाद बस 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बस इंदौर से गुना जा रही थी। हादसे में बस ड्राइवर समेत यात्री अमन चौरसिया डंपर चालक भेरूलाल की मौत हो गई। इस हादसे में 18 यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस और डायल 100 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रात करीब 2-30 बजे हुआ। बस इंदौर से गुना जा रही थी। बस में 30 से 40 अधिक यात्री सवार थे। उधर छिंदवाड़ा में देर रात करीब 12 अमरवाड़ा के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की टक्कर हो गई।

### माशिमं परीक्षा : 30 फीसदी से कम रिजल्ट पर एक्शन

## फिसड्डी स्कूलों के शिक्षकों की परीक्षा लेगा प्रशासन, सूची हो रही तैयार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के दसवीं-बारहवीं के परिणाम जारी होने के बाद अब 30 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों पर कार्यवाही की तैयारी शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की जा रही है। वहीं दूसरी ओर दमोह जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षकों की परीक्षा कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। अन्य जिलों में भी ऐसी परीक्षाओं के आयोजन किए जा सकते हैं। दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने सभी प्राचार्यों को एक आदेश जारी कर कहा है कि 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले शिक्षकों की परीक्षा कराई जाए। इनके लिये 8 जून को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें शिक्षक पुस्तक के साथ सम्मिलित हो सकेंगे तथा प्रत्येक शिक्षक को न्यूनतम 50 फीसदी अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है अन्यथा संबंधित के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। दरअसल, माशिमं की दसवीं व बारहवीं परीक्षा में किसी भी छात्र का परीक्षाफल पूरक घोषित नहीं किया गया है, 1 लाख 91 हजार 354 और 93 हजार 511 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं। वहीं कक्षा बारहवीं में 1 लाख 53 हजार 144 नियमित एवं 68 हजार 695 प्राइवेट विद्यार्थी फेल हुए हैं।



### हर जिले में होगी मॉकड्रिल, 13 विभागों को खास जिम्मेदारी

# हाईअलर्ट पर सरकार, कलेक्टर-एसपी को कई सख्त हिदायतें, छुट्टियां निरस्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनावपूर्ण हालात के बीच मप्र सरकार भी हाइअलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीती रात प्रदेश के सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को चौकस रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कलेक्टरों से कहा कि हर जिले में सायरन और मॉकड्रिल की व्यवस्था की जाए। इधर सामान्य प्रशासन विभाग ने 13 विभागों की कर्मचारियों की छुट्?टी निरस्त कर दी है। गृह विभाग ने कहा है कि अस्पतालों में डॉक्टर्स और जीवन रक्षक दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए।
जिलों में कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि पीने के पानी की उपलब्धता, सड़कों की सुरक्षा और बिजली सप्लाई में किसी तरह की बाधा नहीं आना चाहिए। किसी तरह की अप्रिय घटना की स्थिति से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड तैयार रखे जाएं। इसके अलावा पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू रखा जाए। आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल और चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन की व्यवस्था रहनी चाहिए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के बीच आवश्यक समन्वय बना रहना चाहिए। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी कैडेट्स तथा सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी तय की जाए ताकि राहत और बचाव के कार्य में सहयोग मिल सके। इसके अलावा अफसरों से कहा गया है कि उद्योगों में उत्पादन जारी रखा जाए। उद्योगों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है।लोक निर्माण विभाग सड़कों, पुलों की देखभाल और सुरक्षा का जिम्मा ठीक से देखें। ऊर्जा विभाग बिजली सप्लाई लगातार बनाये रखे।

## फील्ड में दिखें अधिकारी

**सीएम ने कहा कि लोगों को जागरूक करें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों से सीएम डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी फील्ड में दिखें। जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिया जाए और आवश्यक जनसहयोग प्राप्त किया जाए। अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए। इसके अलावा सभी जिलों में मॉक ड्रिल कर आपदा की स्थिति में बचाव के लिए जागरूक किया जाए। शहर काजी ने तनाव के माहौल में पहली बार भोपाल के शहर काजी मुश्ताक अली नदवी का बयान सामने आया है। उन्होंने शांति, अमन और भाईचारे की अपील करते हुए कहा कि फ्रजहां इंसान रहता है, वहां उसकी जान-माल, इज्जत और आबरू की हिफाजत करना इस्लामी नजरिए से भी फर्ज है। शहर काजी ने कहा कि मजहबी तौर पर भी यह इंसान का फर्ज बनता है कि हम जहां रह रहे हैं, उस मुल्क की हिफाजत करना हमारी जिम्मेदारी है। ज्ञात हो कि इससे पहले शहर काजी ने हिंदू छात्राओं से रेप और ब्लैकमेलिंग मामले में तीखी प्रतिक्रिया में कहा था इस्लाम में 'जिना' यानी बलात्कार जैसे अपराध के लिए बेहद सख्त सजा का प्रावधान है। जिसमें दोषी को सार्वजनिक रूप से पत्थर मार-मार कर मौत की सजा दी जाती है या 100 कोड़े मारे जाते हैं। काजी ने साफ कहा कि इस्लाम में ऐसे दरिंदों की कोई जगह नहीं है और सरकार को ऐसे आरोपियों पर रहम नहीं, सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।**

### मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने मामले में रिपोर्ट भी बुलाई

## अवैध शराब की बिक्री, रहवासी हो रहे परेशान, पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी ने भोपाल शहर के सलैया स्थित वार्ड 83 के प्यारेलाल खंडेलवाल परिसर घरौंदा परिसर में विगत महीनों से अवैध शराब बिक्री होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मामले की रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि परिसर के मेन गेट के पास निर्माणाधीन मंदिर के नजदीक कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से शराब बिक्री का काम किया जा रहा है। इस कारण परिसर में रहने वाले रहवासियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
**मप्र मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ममतानी का कार्यकाल पूर्ण :** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) मनोहर ममतानी का द्वितीय कार्यकाल शुक्रवार को पूर्ण हुआ। इस अवसर पर आयोग के सभाकक्ष में एक गरिमापूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन, प्रमुख सचिव महोदय मुकेश चंद गुप्ता एवं पुलिस महानिरीक्षक अशोक गोयल ने मनोहर ममतानी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। समारोह के दौरान आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण/पदाधिकारीगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुरू उप पुलिस अधीक्षक, मप्र मानव अधिकार आयोग द्वारा किया गया।

### घायल बच्ची का चल रहा इलाज चालक की तलाश

## कार की टक्कर से बुजुर्ग मां व जवान बेटे की दर्दनाक मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



गुनगा थानांतर्गत ग्राम रतुआ स्थित पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग मां और जवान बेटे की मौत हो गई, जबकि नाबालिग पोती गंभीर रूप से घायल हुई है। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से भाग निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि देव उर्फ देवीसिंह ठाकुर पुत्र बटनलाल (40) ग्राम फतेहपुर थाना सूखी सेवनिया में रहते थे। शुक्रवार को वह अपनी मां प्रेमबाई ठाकुर (70) और बेटी वर्षा ठाकुर (14) के साथ बाइक से बैरसिया रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे तीनों लोग गुनगा थानांतर्गत ग्राम रतुआ स्थित पचौरी पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, तभी बैरसिया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार सिल्वर कलर की कार के चालक ने देवीसिंह की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद देवीसिंह और उनकी मां प्रेमबाई को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल वर्षा ठाकुर को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां से परिजनों ने बाद में दूसरे निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया है। चालक की गिरफ्तारी के प्रयास घटना के प्रत्यक्षदर्शी सुनील ठाकुर ने इस मामले में टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। ग्राम अरवलिया थाना ईंटखेड़ी निवासी सुनील ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से रिश्तेदारी में बैरसिया जा रहे थे। उनके आगे मोटर सायकिल पर देवी सिंह अपनी मां और बेटी के साथ चल रहे थे। पेट्रोल पंप के सामने कार ने देवी की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हुई है। टक्कर मारने वाला चालक छोड़कर मौके से भाग निकला था। पुलिस ने कार जब्त कर चालक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**भोपाल।** एमपी नगर इलाके में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अयान उल्ला खान (25) सीहोर में रहते हैं और भारत पेट्रोलियम में टेक्नॉलोजी मैनेजर हैं। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह बाइक लेकर कार्यालय से घर जाने के लिए निकले थे। डीबी मॉल चौराहे पर साईड से चल रही एक कार के चालक ने बगैर संकेत दिए अचानक अपनी कार मोड़ दी, जिससे अयान की बाइक टकरा गई और वह गिर गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।

## एक्सीडेंट में घायल मैजिक सवार महिला की मौत

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में एक्सीडेंट में घायल हुई एक महिला ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। इसी इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, जबकि एक अन्य युवक की खेत पर बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक दीपा कुशवाह (27) ग्राम जूनापानी थाना गुनगा की रहने वाली थी। शुक्रवार सुबह वह मैजिक वाहन में बैठकर जा रही थी, तभी गुरुकुल कालेज के पास अज्ञात वाहन ने मैजिक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दीपा को गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी इधर ग्राम बसई थाना बैरसिया निवासी बबलेश कुशवाह (45) खेती किसानी करते थे। शुक्रवार देर रात करीब बारह बजे उन्होंने घर के पीछे फांसी लगा ली।

## बोलेरो जीप की टक्कर से पलटी कार

**भोपाल।** एमपी नगर थानांतर्गत रोटरी चौराहे पर एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार पलट गई। पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन में रहने वाले इरशाद अहमद खान औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में फैक्टरी का संचालन करते हैं। शुक्रवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे वह व्यापमं चौराहा होते हुए एमपी नगर रोटरी पर पहुंचे, तभी पेट्रोल पंप की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने उनकी कार में ड्रायवर साईड से टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे इरशाद को अंदरूनी चोट आई और कार को काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने बोलेरो जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है आयोजन

## इनोवेट एमपी मिशन : आरजीपीवी में आज से दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान करने एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रोजेक्ट कार्य को आगे बढ़ाने के साथ साथ इनोवेटिव आइडियाज को स्टार्टअप में बदलने की सहायता प्रदान करने के लिए इनोवेट एमपी मिशन के तहत दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम राजधानी में आयोजित किया जाएगा। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है।?दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह दिनांक 10 मई 2025 को सुबह 11 बजे मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी करेंगे. उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मोहन सेन ने बताया कि तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान आधारित शिक्षा को बढावा देने के लिए एवं विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में युवा वैज्ञानिकों की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सृजन का आयोजन किया जा रहा है।

## संत कॉलेज की खेल अधिकारी की फिज़िकल एज्युकेशन पर किताब

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की खेल एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. शांति शर्मा ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए फिजिकल एजुकेशन विषय पर एक नई पुस्तक प्रकाशित की है। यह पुस्तक विशेष रूप से बी.ए., बी.कॉम., और बी.एससी. जैसे सामान्य पाठ्यक्रमों के उन छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी जिन्होंने फिजिकल एजुकेशन को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना है। डॉ. शांति शर्मा द्वारा रचित यह पुस्तक विश्वविद्यालय के नवीनतम पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें शारीरिक शिक्षा के आधारभूत सिद्धांत, खेल विज्ञान, स्वास्थ्य शिक्षा, योग, खेल प्रशिक्षण और फिटनेस जैसे आवश्यक विषयों को अत्यंत सरल और सुगम



भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे छात्रों को विषय को आसानी से समझने में मदद मिलेगी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि यह पुस्तक न केवल विद्यार्थियों के लिए एक आसानी से उपलब्ध अध्ययन सामग्री होगी, बल्कि यह शारीरिक शिक्षा के महत्व को भी व्यापक रूप से स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। डॉ. शांति शर्मा ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य छात्रों को शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने भविष्य में भी इसी विषय पर और अधिक गहन अध्ययन सामग्री प्रकाशित करने की अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। यह पुस्तक शीघ्र ही स्थानीय पुस्तक भंडारों और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर छात्रों के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

## बीयू कार्यपरिषद में हुई सदस्यों की नियुक्ति, आदेश जारी

**भोपाल।** राज्यपाल द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। कार्यपरिषद में डॉक्टर दीपक पालीवाल, निदेशक पंडिल सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा



संस्थान, धीरेंद्र चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त अपर संचालक शिक्षा विभाग, अनिल कुमार पिल्लई समाज सेवी, डॉ. किरण शेजवार, चिकित्सक, विक्रांत सिंह कुमरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय तथा डॉ. भारती कुम्भारे साटनकर को नामांकित किया गया है। इस सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए रहेगा। यह अवधि 19 मई 2025 से 18 मई 2028 तक की होगी।

**मेट्रो एंकर**

### विहिप, बजरंग दल ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

## मंदिर के सामने से शराब की दुकान हटाने की मांग

**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

**विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसीपी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें खजूरी थाना क्षेत्र में आने वाले सीहोर रोड पर आकाश गार्डन के पास खुली नई शराब की दुकान धार्मिक स्थल शिव मंदिर के सामने होने का विरोध किया गया है।**



बजरंग दल ने ज्ञापन में कहा है कि शासकीय नियमों के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थान से 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान होनी चाहिए। हालांकि, इस मामले में शराब व्यापारियों ने मंदिर के ठीक सामने दुकान खोल दी है। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि शराब की दुकान के 100 मीटर के दायरे में निरंकारी मंडल का सत्संग भवन भी स्थित है, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग के लिए आते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का कहना है कि इन धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खुलने से हिंदू जन भावनाओं को ठेस पहुँच रही है। मंदिर सनातन धर्म की धार्मिक आस्था का प्रतीक है और समाज के कई लोगों ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी। बजरंग दल ने धार्मिक स्थल के अपमान को देखते हुए स्वयं इस मामले में संज्ञान लिया और खजूरी एसीपी एवं संबंधित थाने को आवेदन दिया है। संगठन ने यह भी घोषणा की है कि आगे की कार्रवाई में भोपाल कलेक्टर और संबंधित एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपकर मंदिर के सामने से इस शराब की दुकान को हटाने की मांग की जाएगी।

### वृन्दावन के संत श्री राम-श्याम सुनाएं कथा

## सुख सागर आश्रम में भागवत कथा 19 मई से



**दोपहर मेट्रो, हिरदाराम नगर।**

सुख सागर उदासीन आश्रम में आगामी 19 मई से 25 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। सात दिवसीय कथा में वृन्दावन के संत श्री राम-श्यामजी कथा का वाचन करेंगे। कथा के सभी दिनों में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के महंत बाबा रामदासजी ने बताया कि कथा का शुभारंभ 19 मई को एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह कलश यात्रा संतनगर के बी-24 सुखसागर उदासी आश्रम से आरंभ होकर संत नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और अंततः आश्रम में ही समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होंगे।
यह मौजूद रहे। आयोजन को लेकर दरबार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता राम बंसल, पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, कपड़ा संघ अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, राजेश हिंगोरानी, अशोक मारन, चंद्र प्रकाश इसरानी, हीरो हिन्दू, नरेश तोलानी, गुलाब जेठानी, मनोहर वीधानी, संतोष उदासीन, नानकराम उदासीन, और नारायणदास सबनानी शामिल थे।



मध्यप्रदेश में बहेगी
समृद्धि की जलधारा
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'
मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र
सरकार के मध्य एमओयू
मुख्य अतिथि
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल
मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार
यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी
सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी
लाभान्वित जिले
खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी
D11022/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## संपादकीय

# तनाव के बीच तैयारी सटीक

भारत ने अब आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई छेड़ रखी है। पिछले कई सालों में यह ऐसा अवसर है, जब पाकिस्तान ने भारत के कड़े तेवर देखे हैं और इन तेवरों से दुनिया के शक्तिशाली देश भी चुप हैं। अमेरिका तक कह रहा है कि वह इस मामले में कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। भारत पर पाकिस्तान कई पैंतरे अपनाकर अपने कुटिल चालें चलता रहा है। इस बार पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत ने उसके आतंकी अ ड्डों को निशाना बनाया तो तिलमिलाकर अब इस लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने कल भी दिनभर पाकिस्तान पर कई जवाबी वार किये हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करते समय बहुत फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली कार्वाई की थी जो उसका अधिकार था। भारतीय विदेश सचिव ने सारे हालातों से देश को अवगत भी कराया था। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो सात मई को देर रात और आठ मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। उसने एलओसी पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे हालातों में भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब देना बहुत जरूरी हो गया था। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। यह तनाव तो चरम पर तब पहुंचा था जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ था और छब्बीस पर्यटकों की जान चली गई थी। भारतीय सेना ने उसके बाद पाकिस्तान के आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके हिंदुस्तान में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। भारत पहले भी यह बात कह चुका है। इससे जाहिर होता है कि वह अपने लक्ष्य को लेकर फोकस्ड है यानी आतंकवाद का खात्मा। भारत का मकसद युद्ध नहीं है लेकिन युध्द जैसी स्थितियों बनाने की कोशिश की जाएगी तो वही जवाब होगा जैसा आठ मई की रात से दिया जा रहा है। बदहाल आर्थिक स्थिति में पाकिस्तान को उसकी अवाम का भी इन हालतों पर समर्थन नहीं मिलेगा। क्योंकि वह इन सभी के लिए आईएफएम के सामने पैसों की मदद मांग रहा है।

**जीवन में आगे बढ़ने के लिए और अपनी अलग पहचान बनाने के लिए यदि आपको क्रांतिकारी बनना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।**
**- श्रीमद्भगवत गीता**

## आज का इतिहास

- 1427: यूरोपीय शहर स्विट्जरलैंड के बर्न शहर से यहूदियों को निष्कासित किया गया।
- 1503: इटली के खोजकर्ता और नाविक कोलंबस ने कायमान द्वीप की खोज की।
- 1526: पानीपत की लड़ाई जीतने के बाद बाबर ने देश की तत्कालीन राजधानी आगरा में कदम रखा।
- 1655: ब्रिटिश सेना ने जमैका पर कब्जा किया।
- 1796: नेपोलियन ने लोदी ब्रिज के युद्ध में आस्ट्रिया को हराया।
- 1857 अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहले स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत। मेरठ की तीनों रेजीमेंट के सिपाहियों ने बगावत का झंडा उठाकर दिल्ली कूच कर दिया। इसमें मह?िलाओं ने भी सहयोग दिया। ब्रिटिश अधिकारियों ने इसे दबाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी।
- 1916: नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टरडम में ऐतिहासिक शिप पोर्ट संग्रहालय खोला गया।
- 1945:रूसी सेना ने चेक गणराज्य की राजधानी प्राग पर कब्जा किया।
- 1959: सोवियत सेना अफगानिस्तान पहुंची।
- 1967: मशहूर रॉक बैन्ड रोलिंग स्टोन्स के दो सदस्यों को मादक पदार्थों से जुड़े एक मामले में अदालत में पेश होना पड़ा।
- 1972: अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1993: संतोष यादव दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर एवरेस्ट पर दो बार पहुंचने वाली पहली महिला पर्वतारोही बनीं।

## निशाना

### घुस जाओ रणबांकुरो !



-कृष्णेन्द्र राय

**रौद्र रूप दिखाएंगे।**
**घड़ी आज वो आई ।।**
**होगा हर हिसाब ।।**
**शुरू हुई खुदाई ।।**
**मारेंगे अब घुसकर।**
**होगा तू तबाह ।।**
**ऐतिहासिक रात ये।**
**है दुनिया गवाह।**
**घुस जाओ रणबांकुरों।**
**मिटा दो नाम निशान ।।**
**मिट्टी में मिला दो।**
**नाम पाकिस्तान ।।**
**अमरीका ने बोल दिया।**
**छोड़ो पाकिस्तान ।।**
**फौरन लौट आओ।**
**है खतरे में जान ।।**

# युद्ध के तरीकों को बदल दिया है ड्रोन ने

**जयसिंह रावत**

भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालिया टकराव, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर में भारत द्वारा लाहौर और कराची में ड्रोन के सटीक और विध्वंसकारी उपयोग ने युद्ध की नई परिभाषा गढ़ दी है। ड्रोन, जो कभी केवल टोही उपकरण थे, अब कामिकाजे और लॉइटरिंग म्यूनिशन के रूप में सैन्य रणनीति का अभिन्न अंग बन चुके हैं, जो जोखिम-मुक्त सटीक हमले और निगरानी की क्षमता प्रदान करते हैं। इनका इतिहास प्रथम विश्व युद्ध के बाद शुरू हुआ, जब साधारण मानवरहित यान विकसित किए गए। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर 21वीं सदी तक, इजराइल और अमेरिका ने ड्रोन को स्वायत्त और हथियारबंद बनाकर क्रांति ला दी। भारत और पाकिस्तान की ड्रोन तकनीक में बढ़ती होड़ क्षेत्रीय स्थिरता पर सवाल उठाती है।ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि ड्रोन न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सकते हैं, बल्कि दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को भी निष्क्रिय कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के दावों में अतिशयोक्ति हो सकती है, क्योंकि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन की बढ़ती मौजूदगी दक्षिण एशिया में तनाव और टकराव का कारण बन सकती है, खासकर परमाणु हथियारों की उपस्थिति में।

भारत और पाकिस्तान दोनों ही अपनी ड्रोन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं और ताजा टकराव में यह साफ परिलक्षित हो रहा है। माना जाता है कि भारत के पास 2000-2500 ड्रोन हैं, जिनमें स्वदेशी एलएमएस ड्रोन और एआइ संचालित स्वार्म ड्रोन शामिल हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान तुर्की के बाय्राकटार और चीन के विंग लूंग ड्रोन पर निर्भर है, लेकिन उसकी संख्या और तकनीकी क्षमता भारत से कम है। भारत ने रूस से इग्ला-एस मिसाइलें और स्वदेशी रुद्रम-1 मिसाइलें तैनात की हैं, जो ड्रोन और निचले स्तर के विमानों को नष्ट करने में सक्षम हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा रहा है और ड्रोन ने हाल के वर्षों में इस टकराव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मई 2025 में ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए एलएममस (लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम) ड्रोन आइएपी हार्पी और हारोप ड्रोन का उपयोग किया। इन आत्मघाती ड्रोन ने न केवल आतंकी शिविरों को ध्वस्त किया,



बल्कि लाहौर और रावलपिंडी में पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भी निष्क्रिय कर दिया।

भारतीय वायुसेना के राफेल जेट और स्कैल्प मिसाइलों के साथ ड्रोन की यह संयुक्त कार्रवाई सटीक और प्रभावी थी, जिसने दर्जनों आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, और राजस्थान के 15 भारतीय शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले करने की कोशिश की। हालांकि, भारत के एस-400 वायु रक्षा तंत्र और एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने लाहौर, कराची, और रावलपिंडी जैसे शहरों में भारतीय ड्रोन हमलों का सामना किया, जिसमें चार सैनिक घायल हुए और नागरिक हताहत हुए। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ये दावे पाकिस्तान के प्रचार का हिस्सा ही थे।, क्योंकि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

देखा जाए तो ड्रोन ने आधुनिक युद्ध की प्रकृति को बदल दिया है। उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरे, थर्मल इमेजिंग, और रडार से लैस ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। भारत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में निगरानी और टोह के लिये ड्रोन का उपयोग कर आतंकी ठिकानों की पहचान की है। हथियारों से लैस आत्मघाती ड्रोन सटीक हमले करने में सक्षम हैं, जिससे नागरिक हताहत कम होते हैं। भारत के हारोप ड्रोन ने पाकिस्तानी रडार सिस्टम को नष्ट करने में यह क्षमता दिखाई।

ड्रोन खतरनाक मिशनों में मानव सैनिकों की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे सैन्य अभियानों की सुरक्षा बढ़ती है। कई ड्रोन एक साथ मिलकर हमला करते हैं, जिससे दुश्मन की रक्षा प्रणालियों को भेदना आसान हो जाता है। भारत ने क्रत्रिम बुद्धिमता संचालित स्वार्म ड्रोन में निवेश किया है। आर्थिक दृष्टि से देखा जाय तो पारंपरिक लड़ाकू विमानों की तुलना में ड्रोन सस्ते और कम रखरखाव वाले हैं, जिससे वे विकासशील देशों के लिए आकर्षक हैं। ड्रोन ने युद्ध के मैदान को हमेशा के लिए बदल दिया है। भारत-पाक टकराव और रूस-यूक्रेन युद्ध में उनकी भूमिका ने साबित किया कि वे न केवल सैन्य रणनीतियों का हिस्सा हैं, बल्कि भविष्य के युद्धों का आधार भी बन सकते हैं। भारत ने स्वदेशी ड्रोन निर्माण और उन्नत तकनीकों में निवेश कर अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जबकि पाकिस्तान विदेशी ड्रोन पर निर्भर है। हालांकि, ड्रोन की बढ़ती क्षमता और उनकी सुलभता ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए नए जोखिम भी पैदा किए हैं। भविष्य में, ड्रोन तकनीक और एंटी-ड्रोन सिस्टम के बीच संतुलन युद्ध के परिणामों को निर्धारित करेगा।

रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में शुरू हुआ, ड्रोन युद्ध का एक वैश्विक उदाहरण बन चुका है। यूक्रेन ने रूसी ठिकानों पर सटीक हमले के लिए बायकर बाय्राकटार TB2 ड्रोन और स्वदेशी स्विचब्लेड जैसे आत्मघाती ड्रोन का उपयोग किया। मई 2025 में खारकीव पर रूसी हमले के जवाब में यूक्रेन ने रूस के नोवोरोसियस्क और रोस्तोव शहरों पर 170 से अधिक ड्रोन दागे, जिससे रूस को आपातकाल घोषित करना पड़ा।

रूस ने भी कीव, ओडेसा, और खारकीव जैसे यूक्रेनी शहरों पर क्रूज मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए, जिनमें से अधिकांश को यूक्रेन की वायु रक्षा ने नाकाम किया। रूस-यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की सफलता ने भारत और पाकिस्तान जैसे देशों को अपनी ड्रोन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। ड्रोन ने न केवल टोही और निगरानी की भूमिका निभाई, बल्कि सस्ते और प्रभावी हथियार के रूप में दुश्मन के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में भी योगदान दिया। ड्रोन विभिन्न प्रकार और कार्यक्षमताओं में उपलब्ध हैं, जो उनकी उपयोगिता को और बढ़ाते हैं। जैसे मल्टी-रोटर ड्रोन, छोटे, स्थिर और आसानी से नियंत्रित ड्रोन हैं, जो फोटोग्राफी, निगरानी, और डिलीवरी के लिए उपयोगी हैं। इनकी सीमित रेंज उन्हें स्थानीय अभियानों के लिए उपयुक्त बनाती है। इसी तरह फिक्स्ड-विंग ड्रोन, हवाई जहाज जैसे डिजाइन के साथ, ये ड्रोन लंबी दूरी और अधिक उड़ान समय प्रदान करते हैं। भारत का रुस्तम-2 इसका उदाहरण है, जो 24 घंटे तक निगरानी कर सकता है।

सिंगल-रोटर ड्रोन, हेलीकॉप्टर जैसे डिजाइन के साथ, ये भारी पेलोड उठाने में सक्षम हैं और विशेष सैन्य मिशनों में उपयोगी हैं। आत्मघाती ड्रोन (लॉइटरिंग मुनिशन) ड्रोन लक्ष्य पर टकराकर विस्फोट करते हैं। भारत के एलएमएस ड्रोन और इजराइल के हारोप ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी प्रभावशीलता साबित की है। जबकि कृषि ड्रोन, फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव, और मिट्टी विश्लेषण के लिए डिजाइन किए गए हैं।

भारत में इनका उपयोग सटीक कृषि को बढ़ावा दे रहा है। इसी तरह डिलीवरी ड्रोन, दवाइयां और छोटे पैकेज पहुंचाने के लिए उपयोगी, ये आपातकालीन सेवाओं में महत्वपूर्ण हैं और अंडरवाटर ड्रोन, समुद्री निगरानी और अनुसंधान के लिए, जैसे कुंभ मेला 2025 में नदियों की निगरानी करता है। जासूसी और व्यक्तिगत उपयोग के लिए माइक्रो या मिनीपोर्टेबल ड्रोन उपयुक्त हैं। ड्रोन का उपयोग सैन्य क्षेत्र से परे भी व्यापक हो चुका है। भारत में रुस्तम-2, सर्चर एमके द्व/द्वद्व और हारोप जैसे ड्रोन सीमा निगरानी और आतंकवाद विरोधी अभियानों में उपयोगी साबित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने तुर्की और चीन निर्मित ड्रोन का उपयोग किया है, लेकिन भारत की स्वदेशी तकनीक और रूस से खरीदी गई इग्ला-मिसाइलें उसे बढ़त देती हैं। ड्रोन फसल निगरानी और कीटनाशक छिड़काव में सहायक हैं, जिससे भारत में सटीक कृषि को बढ़ावा मिल रहा है।

आपदा के समय ड्रोन खोज और बचाव कार्यों में उपयोगी हैं। उदाहरण के लिए, 2004 की सुनामी में अंडमान-निकोबार में ड्रोन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही नहीं कॉमर्स और आपातकालीन सेवाओं में ड्रोन का उपयोग बढ़ रहा है। वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में मौसम निगरानी, पर्यावरण अध्ययन, और समुद्री अन्वेषण में ड्रोन का उपयोग हो रहा है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**विश्व मातृ दिवस 11 मई, 2025**

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है

**ललित गर्ग**

'मदर्स डे' या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात् प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दर्शाता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है।'




भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये 'मातृ देवो भवः' यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ 'मातृशक्ति' की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया।

एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महान् व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक् निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है। तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मर्यादाओं की अवगति दें? कैसे जीवन में धर्म की उपयोगिता का अहसास करवाएँ? तब फिर शून्यता के सिवा शेष हाथ भी क्या आएगा? मातृ दिवस मां की अस्मिता के धुंधलाने के कारणों की पडताल करने का भी अवसर है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है।''

अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

कलेक्टर ने मंडी समिति कार्यालय का निरीक्षण किया

# विलंब से पहुंचने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज कृषि उपज मण्डी समिति विदिशा के कार्यालय एव नवीन मंडी प्रांगण व पुराने मंडी प्रांगण का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मंडी कार्यालय में विलम्ब से उपस्थित होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने, मंडी कार्यालय के गणवेश धारण की पात्रता वाले समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को गणवेश धारण कर ही कर्तव्यों का निर्वहन किये जाने, मंडी कार्यालय के सभी शाखाओं व कक्षों के बाहर शाखा का नाम एवं शाखा प्रभारी, निर्वाही का नाम अंकित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

कलेक्टर ने मंडी कार्यालय के अनुपयोगी, जीर्णशीर्ण व खराब सामग्रियों, फर्नीचर एवं उपकरणों का विधिवत् विनिष्टीकरण की कार्यवाही करने के तथा मंडी कार्यालय के सभी कक्षों, प्रांगणों, नीलामी शेड, केन्टीन, प्याऊ, पानी की टंकी सुलभ कॉम्पलैक्स, एवं कृषक हटों की नियमित रूप से साफ सफाई किये जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने इसके अलावा मंडी प्रांगणों नीलामी शेड, एवं कार्यालय भवन की छत या अन्य उपयुक्त स्थल पर सोलर पेनल की स्थापना, मंडी के सभी अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, तुलावटों को पहचान पत्र धारण कर ही विपणन गतिविधियां सम्पादित किये जाने, मंडी सभी अनुज्ञप्तिधारी हम्माल व तुलावटों को शासन की समस्त योजना के लाभ हेतु सम्बल कार्ड, ई- श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं के लाभ हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने, पुरानी मंडी प्रांगण में स्थित रिक्त संरचनाओं को किराये पर दिये जाने, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में मृदा परीक्षण हेतु उपस्थित प्रत्येक कृषक को मृदा स्वास्थ्य कार्ड अनिवार्य रूप से प्रदान कर उक्त जानकारी को विधिवत् पंजी में संकलित करने के साथ कृषकों को कृषि भूमि के मृदा की गुणवत्ता को बढाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिये हैं।उन्होंने मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य स्थलों का भ्रमण, निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को टूर डायरी का नियमित रूप से संकलन किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## जिला आपदा प्रबंधन की बैठक में निर्देश

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें न फैलाई जाएं, इसका विशेष ध्यान रखें

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज जिला आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित कर आपदाओं से निपटने हेतु किए गए प्रबंधों का जायजा लिया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विदिशा जिले में पूर्वानुसार तमाम सुविधाएं संचालित हो इसके लिए विभागो में आपसी समन्वय स्थापित कर क्रियान्वित करें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि किसी भी आपदा स्थिति से निपटने के लिए शासन द्वारा दिए गए निर्देशो को सभी एकजुट होकर पालन कर क्रियान्वित करेंगे। किसी भी विपरित परिस्थितियों में संयम के साथ रहकर बिना पेनिक हुए आमजनों के साथ सौहार्द मधुर व्यवहार से संवाद कर अपने-अपने क्षेत्रों में आस-पास हो रही गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिलाधिकारियों सहित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े समस्त एसडीएमों से कहा कि विशेष तौर पर सभी व्यापारियों से संवाद करें और उनकी बैठकें आयोजित कर



खाद्य सामग्री के रेट पूर्ववत ही रहे, विक्रय दरो में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी ना हो पर सतत नजर रखें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक मैसेज की फॉरवर्डिंग ना करें। सप्लाई चेन बनी रहे पानी, बिजली सहित अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें, इसके लिए हमें अलर्ट रहने की आवश्यकता है और स्टॉक की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विशेष तौर पर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें ना फैलाई जाएं ना ही उनकी फॉरवर्डिंग की जाए का सभी विशेष ध्यान रखते हुए मॉनिटरिंग के प्रबंध सुनिश्चित करें। भ्रामक खबरों पर ध्यान ना देते हुए सावधान रहें ऐसी ही सींख सभी को दें। उन्होंने जिले के सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों की सूची, शस्त्र लाइसेंस धारकों की सूची, फायर ब्रिगेड टेंडर की सूची, जेसीबी, पोकलेन इत्यादि मशीनों की सूची, एनसीसी सीनियर व जूनियर विंग की सूची, रिटायर पुलिस व आर्मी ऑफीसरों की सूची, प्राइवेट गार्डों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही साथ उन्होंने जिले में संचालित शासकीय संस्थाओं के अलावा प्रायवेट अस्पतालों की सूची, बेड की संख्या, दवाओ की उपलब्धता के डॉक्टर व अन्य स्टाफ की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया है।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि विदिशा जिले व नगर के चिन्हित भीड़ वाले प्वाइंटों पर विशेष ध्यान देने व संवेदन व अतिसंवेदनशील जगह पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर दी जा रही जानकारी की सत्यता के संबंध में भी उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट भ्रामक खबरों से भी सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी व्यवस्थाओं को संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि कम्युनिकेशन अति आवश्यक है जिले में कहीं कोई घटना घटित होती है तो इसकी जानकारी त्वरित हेड क्वार्टर पर पहुंचे। जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर ग्राम रक्षा समिति और नगर सुरक्षा समिति के वॉलिंटियरों की भी मदद ली जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चैबे और जिला पंचायत सीईओ ने भी बैठक में व्यवस्थाओं के संबंध में अधीनस्थ अमले को सचेत करते हुए आपदाओं से निपटने के लिए सतर्कता पर विशेष ध्यान दें।

इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया, विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा सहित विभिन्न विभागों को जिलाधिकारी उपस्थित रहे और खंड स्तर के अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

# आरटीआई एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार पर प्रशिक्षण का आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा आरटीआई एक्ट 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही मं सुधार पर सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम ई-दक्ष केंद्र विदिशा में आयोजित किया गया।

सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) 2005 के अंतर्गत आठ मई 2025 से नौ मई 2025 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार एवं नरोनहा प्रशासन अकादमी मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ई-दक्ष केंद्र, कलेक्टर कार्यालय विदिशा में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को आरटीआई अधिनियम की



विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा दिया जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। ई-दक्ष केंद्र प्रशिक्षक चंद्रजीत रघुवंशी द्वारा आरटीआई आवेदन की प्रक्रिया, अपील व्यवस्था एवं अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार आरटीआई के माध्यम से सरकारी जानकारी आवेदन करने वाले नागरिक को सुचारु रूप से तय समय सीमा मे जवाबदारीपूर्वक दी जाती है। लोकसेवा एवं ई-गवर्नेंस प्रबंधक अमित अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर द्वारा आदेशित इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाना और अधिकारी, कर्मचारियों को उनकी जवाबदेही के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। उक्त प्रशिक्षण जिले के समस्त कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी जिनमे लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं शाखा प्रभारी एवं अन्य के लिए मई माह मे पूर्ण किये जाएंगे।

# आबकारी एक्ट के तहत अप्रैल में 282 प्रकरण दर्ज, 6.76 लाख की मदिरा जप्त की गई जब्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के क्रय विक्रय परिवहन और लायसेंसी विक्रेताओं की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही अभियान के रूप में क्रियान्वित की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि विभाग के द्वारा अप्रैल माह में कुल 282 प्रकरण पंजीबद्ध कर आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। कुल प्रकरणों में से जिले की

74 कम्पोजिट मदिरा दुकानो का सघन निरीक्षण के दौरान 135 प्रकरण दर्ज हुए हैं। जबकि अवैध मदिरा के 147 प्रकरण शामिल हैं।इन प्रकरणों में जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 6 लाख 76 हजार 970 रुपए आकंलित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी रंगशाही ने बताया कि जिले में आबकारी विभाग द्वार मदिरा के अवैध निर्माण, परिवाहन, संग्रहण, चैर्यनयन एवं मदिरा का अवैधपान करने व कराने वालो के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें माह-अप्रैल- में जिले में स्थित सभी 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानो का सघन निरीक्षण जिले में गठित आबकारी टीमों द्वारा किया गया जिसमें पाई गई विभिन्न अनियमितताओं के लिए लायसेंसी के विरूद्ध 135 विभागीय प्रकरण कायम किये गये जिनमे 04 प्रकरण निर्धारित दरो से भिन्न दरो पर मदिरा विक्रय किये जाने संबंधी गम्भीर अनियमितता की श्रेणी के है। जिले में गठित आबकारी टीमों द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम-1915 संशोधित 2000 के तहत धारा 34 (2) के 02 प्रकरण, 34 (1) (क) के 123, प्रकरण एवं धारा 36 के 22 प्रकरण कामय कुल 147 प्रकरण कायम किये गये। उक्त कायम प्रकरणो में देशी विदेशी मदिरा 322 लीटर, हाथभट्टी मदिरा 380 लीटर एवं महुआ लाहन 4336 किलोग्राम जप्त कर विधिअनुसार कार्यवाही की गई है जप्तशुदा सामगी का बाजार मूल्य लगभग 6,76,970 रू आंकलित किया गया है। विदिशा जिले के विभिन्न इलाको में तलाशी अभियान चलाया जाकर अवैध मदिरा संबंधी गतिविधियो पर कडी निगरानी रखी जा रही है। यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा और अवैध कारोबारियो के खिलाफ कार्रवाही जारी रहेगी।

# वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न वृद्धजनों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा निर्देशन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा नीतेंद्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदनी शुक्ला एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष



तिवारी द्वारा आज शुक्रवार को श्री हरि वृद्धाश्रम, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा वृद्धजनो से चर्चा की एवं उनकी समस्याएं सुनी, एक महिला बुंदिया बाई अहिरवार का कहना था कि, उनके बच्चो ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है एवं उसके पेंशन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेज उसके घर पर हैं जिसकी वजह से उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पुलिस के माध्यम से उनके दस्तावेज दिलाने का आश्वासन दिया गया एवं वृद्धाश्रम में कई महिलाओं को पेंशन नहीं मिल रही है उन्हे पेंशन दिलाने का भी आश्वासन दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदनी शुक्ला द्वारा नालसा की योजना वरिष्ठजनो के लिये कानूनी सहायता योजना 2016 से भी अवगत कराया गया।

# दुकानदारों ने जमा रखा है कब्जा, राहगीरों को पैदल चलने की जगह भी नहीं मिलती

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

नगर के मुख्य बाजार, खकरिया मार्ग पर रोजाना जाम की स्थिति निर्मित होती है। और इस व्यवस्था के प्रति शासन प्रशासन के नुमाइंदे मूक दर्शक बने हुए है नगर के कुछ क्षेत्र ऐसे है जहां यह परेशानी कुछ ज्यादा ही है। लोगों का तर्क है कि वाहनों की संख्या बढ़ गई है, लोग गलत तरीके से वाहन खड़े करते हैं और अतिक्रमण के चलते भी जाम की स्थिति निर्मित होती है। सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की है इसके लिए नगर के व्यस्ततम खकरिया मार्ग पर हालात इतने बदतर है की दुकानदारों ने सड़कों पर सामान रख लिया है, उस पर ग्राहक बेतरतीब वाहन खड़े करते हैं। जिससे यातायात बाधित होता है। जबलपुर दमोह मुख्य



चौराहे से खगरिया मार्ग एवं थाने जाने वाली मार्ग पर जाने के लिए रास्ता है। साथ ही यहां प्रमुख दुकाने भी स्थित है। बसस्टैंड, तारादेही तिराहे पर भी जाम लगता है। नगर का दूसरा सबसे व्यस्त थाने मार्ग बार्बी यातायात बाधित रहता है इस क्षेत्र में भी पार्किंग न होने से वाहन अवस्थित खड़े होते हैं और जाम लगता। लोगों की मांग है कि इन क्षेत्रों के नजदीकी क्षेत्रों में सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाना चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक मार्ग पर तो दो पहिया वाहन के निकलने की भी सुविधा नहीं है क्योंकि जो लोग बैंक में काम के लिए आते हैं वह अपना वाहन बैंक के सामने खड़ा कर देते हैं और बैंक का काम निपटाते हैं जिससे दूसरों को असुविधा होती है नगर के लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पुलिस, नगर परिषद एवं राजस्व के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने एवं यातायात व्यवस्था सुधारने की बात तो कहती है पर होता जाता कुछ नहीं।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने थाना गुलाबगंज में दर्ज दो प्रकरणो के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालो के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना गुलाबगंज में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 11/2025 के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालो के लिए एवं अपराध क्रमांक 167/2024 के फरार आरोपी वैशाली पुत्री बिहारी लाल चिढार उम्र 17 साल निवासी ग्राम गुनुआ चक्क थाना गुलाबगंज की सूचना देने वालो के लिए क्रमशः तीन-तीन हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**मेट्रो एंकर** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन जारी

# फुटबॉल-हैंडबॉल, कुश्ती-कबड्डी आदि खेलों में निखार ला रहे बच्चे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप रावत ने बताया कि जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन जारी है जो 31 मई तक संचालित किया जाएगा। पुलिस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण बालक और बालिका दोनो वर्गो के लिए जिला खेल परिसर स्टेडियम और





पुलिस लाइन विदिशा में हर रोज प्रातः एवं सायंकाल के समय आयोजित किया जा रहा है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 के अंतर्गत जिला खेल परिसर स्टेडियम में एथलेटिक्स कुश्ती फुटबॉल बास्केटबॉल करते कबड्डी हैंडबॉल बैडमिंटन, लॉन टेनिस वॉलीबॉल एवं पुलिस लाइन विदिशा में हॉकी ताइक्कांडो पेंटिंग ड्राइंग मेहंदी कराते स्केचिंग हैंडीक्राफ्ट जुंबा डांस वेटलिफ्टिंग स्पोकन इंग्लिश बैडमिंटन खेलों का शिविर आयोजित हो रहा हैं। जिसमें खिलाड़ी खेलो की बारीकियां सीख रहे हैं, एक माह के इस शिविर का शुभारंभ दिनांक 1 मई 2025 को किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड में दो-दो खेलो सिरोंज हॉकी

## हमीदिया अस्पताल परिसर में दो जालसाजों ने की वारदात, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही पुलिस

# इलाज कराने हमीदिया अस्पताल आई महिला को नकली गड्डी दिखाकर जेवर ठगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**नरसिंहगढ़ से भोपाल हमीदिया अस्पताल इलाज कराने पहुंची महिला से दो जालसाजों ने मंगलसूत्र और कान के टॉप्स ठग लिए। आरोपियों ने पांच सौर रुपए के नोट की गड्डी थमाई थी और उससे जेवरात उतरवा लिए। महिला ने जब गड्डी चेक की तो केवल उसमें पांच सौ रुपए का एक नोट असली था, जबकि नीचे नोट की तरह दिखने वाले कागज थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**



### नोटों की गड्डी देखकर महिला ने उतार कर दे दिया मंगलसूत्र और टॉप्स

पुलिस के अनुसार मंजू गोस्वामी पति रविशंकर गोस्वामी (30) मूलतः नरसिंहगढ़ की है। वह नरसिंहगढ़ से भोपाल हमीदिया अस्पताल इलाज कराने पहुंची थी। गुरुवार सुबह वह अस्पताल परिसर में थी। इस दौरान उसे दो युवक मिले। दोनों ने मंजू से बातचीत की। इस दौरान कहा कि उन्हें जेवर खरीदने है, लेकिन दुकान कहां है पता नहीं। इस दौरान उन्होंने मंजू को कागज में लपटी एक गड्डी दिखाई। गड्डी में पांच सौ रुपए का नोट दिख रहा था। मंजू ने उन्हें पैसों की जरूरत है। इस पर आरोपियों ने कहा कि आप अपने जेवर दे दो और बदले में यह गड्डी रख लो। मंजू ने पांच सौ रुपए की नोट की गड्डी देखी और अपना मंगलसूत्र समेत कान के टॉप्स उतारकर दे दिए। आरोपियों ने उन्हें गड्डी थमाई और कहा कि भीड़भाड़ में कागज से गड्डी बाहर नहीं निकालना। यहां चोर सक्रिय है। मंजू एकांत में गई और गड्डी खोलकर देखी। इस दौरान पता चला कि गड्डी में केवल एक ही पांच सौ रुपए का नोट असली है, बकि के नीचे कतरन लगी हुई है। मंजू ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## ममेरी बहन का बर्थ-डे मना रही आठवीं की छात्रा तीसरी मंजिल से गिरी, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर मल्टी में तीसरी मंजिल से गिरकर आठवीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। हादसा गत 2 मई की रात का बताया जा रहा है। हादसे के समय वह अपनी ममेरी बहन का बर्थ-डे मना रही थी, तभी रेलिंग के पास से नीचे गिर गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि सिमरन परिहार (17) भानपुर मल्टी छोला में रहती थी और 8वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में मां और दो बड़े भाई है। सभी मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं। 2 मई को सिमरन के घर की बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर उसके मामा की बेटी का जन्मदिन मनाया जा रहा था। तीसरी मंजिल पर डीजे लगवाया गया और परिवार के सभी लोग डांस कर रहे थे। डांस करते-करते सिमरन थम गई और बालकनी की रेलिंग से टिककर खड़ी हो गई। इसी दौरान रेलिंग के पास से वह एकाएक नीचे गिर गई। करीब तीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर में और शरीर के अलग अलग हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। करीब 6 दिन तक चले इलाज के बाद गुरुवार सुबह सिमरन की मौत हो गई।

**-छोला स्थित भानपुर मल्टी में हुआ हादसा, इलाज के दौरान मौत**

## भारत-पाक के बीच सोशल मीडिया पर फर्जी खबरे

# लिंक और एपीके फाइल को लेकर साइबर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच कई फर्जी मैसेज भी सोशल मीडिया पर चलने शुरु हो गए है। इन हालात का कुछ जालसाज फायदा उठाने की कोशिश कर रहे है, तो वहीं कई लोगों तनाव फैलाने के लिए फर्जी खबरें और फर्जी सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे है। हर व्यक्ति इस वक्त भारत और पाकिस्तान की हर स्थित को देखना और सुनना चाहता है, जिसके चलते कई ऐसी लिंक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें इस तरह की अपडेट्स के लिए लिंक पर क्लिक करने और लॉगइन करने के लिए कहा जा रहा है। इन फर्जी लिंक से कोई भी ठगी का शिकार हो सकता है।




इसलिए पुलिस ने भी एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में ये भी कहा गया है कि इन हालात से जुड़ी कई तरह फर्जी सामग्री भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसे फॉर्वर्ड करने से और उन्हें बिना जांचे आगे बढ़ाने से मना किया गया है। वहीं फर्जी एपीके फाइल और लिंक को न खोलने की हिदायत एडवाइजरी में दी गई है और ये भी कहा गया है कि ऐसी किसी भी एपीके फाइल आने पर पुलिस को उसकी जानकारी दे। ताकि उन एपीके फाइल और लिंक को ब्लॉक किया जा सके।

इन हालात में सभी अपडेट्स लेने के लिए उत्सुक है जिसका फायदा जालसाज उठा सकते है और भ्रामक जानकारी फैला कर असामाजिक तत्व माहौल खराब कर सकते है जिसके चलते सभी इस तरह की सामग्री और ऐसे लिंक के आने पर पुलिस को सूचना दें।
**अखिल पटेल, डीसीपी, क्राइम ब्रांच**

### पाकिस्तानी झंडे के साथ जामा मस्जिद दिखाने वाले पोस्ट पर एफआईआर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भारत पाकिस्तान तनाव के बीच आपत्ति जनक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर देखे जा रहे है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा ही आपत्ति जनक पोस्ट सामने आया है जिसमें एक युवक ने दिल्ली की जामा मस्जिद पर एआई के माध्यम से पाकिस्तान का झंडा दिखाया और पाकिस्तान के नारे के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जिस आईडी से ये पोस्ट किया गया है वो आईडी भोपाल के किसी युवक की बताई जा रही है। इस मामले की जानकारी भोपाल साइबर सेल को भी मिली जिसके बाद पुलिस ने इस अकाउंट को लेकर मेल किया है। मेल में सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक करने के लिए कहा गया है कि और आरोपी युवक की जानकारी मांगी गई है। इस अकाउंट को से संचालित किया जा रहा है कि उसे बी ट्रेस किया जा रहा है। जिस प्लेटफॉर्म से इस पोस्ट को किया गया है उसका हेड ऑफिस अमेरिका में जिसके चलते जानाकरी आने में थोड़ा समय लग सकता है हालांकि पुलिस का कहना है कि जल्द जानकारी के लिए भारत के सब ऑफिस में भी बातचीत की गई है। डीसीपी साइबर सेल अखिल पटेल ने बताया है कि युवक की पहचान की जा रही है और इस मामले में एफआईआर भी की गई है । वहीं आरोपी के मिलने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा है कि इस स्थिति में सभी ऐसे किसी भी पोस्ट को डालने से बचे और अगर भी सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट देखता है तो तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें।

**एआई का इस्तेमाल**

- **आरोपी युवक को तलाश रही साइबर क्राइम ब्रांच**
- **भोपाल का बताया जा रहा है युवक**

## डेढ़ साल से फरार हत्या के प्रयास का आरोपी 'नोडी' को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**भोपाल।** टीटी नगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे शातिर बदमाश यथार्थ कुकरेजा उर्फ नोडी (25) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर शहर के तीन थानों में स्थायी वारंट लंबित थे और वह पुलिस को लगातार चकमा देकर फरारी काट रहा था। आरोपी ने वर्ष 2022 में थाना कमला नगर क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में अपने साथियों के साथ मिलकर एक युवक धीरज विश्वकर्मा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था। इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन यथार्थ कुकरेजा फरार चल रहा था। पुलिस लगातार दिल्ली, मुंबई, जयपुर सहित कई राज्यों में उसकी तलाश कर रही थी। एक जानकारी के बाद उसका मोबाइल लोकेशन पुलिस ने ट्रैक किया गुरुवार को आरोपी को रातीबढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। यथार्थ कुकरेजा के खिलाफ टीटी नगर, कमला नगर, कोलार रोड, हबीबगंज और हनुमानगंज थानों में गंभीर धाराओं के तहत आधा दर्जन से मामले दर्ज हैं। वहीं मामलों की पूछताछ के लिए पुलिस उसकी रिमांड भी ले सकती है। अमन और शाहरुख शराब पीने के आदी थे। गुरुवार रात अमन ने शाहरुख से शराब पिलाने के लिए कहा।

### पैसे देने से इंकार पर तकरार

इस पर शाहरुख ने इनकार करते हुए कहा कि पैसे नहीं हैं। इसी बात पर दोनों में बहस होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर अमन ने शाहरुख पर चाकू से वार कर दिए और फरार हो गया। खून से लथपथ शाहरुख को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ देर बाद ही अमन को पकड़ लिया। बहन सीमा का दावा है कि शाहरुख पर हमला करने वाले चार लोग थे, लेकिन पुलिस ने अभी केवल एक को ही आरोपी बताया है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, सुसाइड नोट नहीं मिला

**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाले एक युवक ने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही बेहोश होने के कारण उसके बयान भी नहीं हो पाए हैं। परिजन के विस्तृत बयान के बाद ही जहर खाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार संजय साहू (30) ग्राम रायपुर थाना ईंटखेड़ी में रहता था और दूध बांटने का काम करता था। गुरुवार दोपहर बाद उसने अनाज में रखा जाने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगडने् पर घरवाले उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर शाम संजय ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

## दुष्कर्म पीड़िता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, मामला हुआ दर्ज

**भोपाल।** रातीबड़ में रहने वाली दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली सोलह वर्षीय किशोरी ने बुधवार परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। तड़के करीब तीन बजे मां की नींद खुली तो बेटी अपने कमरे में नहीं थी। मां जब दूसरे कमरे में पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भोपाल में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ



भोपाल। मध्यप्रदेश में आज शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल जिला अदालत में लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

## ट्रेनों में नहीं थम रही चोरी की घटनाएं

# पांच मुसाफिरों के मोबाइल समेत हजारों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल से गुरजने वाली यात्री ट्रेनों में सामान चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों सफर के दौरान पांच यात्रियों के कीमती मोबाइल और पर्स समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सागर निवासी सुनील अहिरवार झेलम एक्सप्रेस से बीना से भोपाल आए थे। यहां से उन्हें इंदौर जाना था। रात होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक चार पर जाकर सो गए। इस दौरान किसी ने उनकी जेब में रखा 18 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर लिया। पर्स में करीब तीन सौ रुपए नकदी और दस्तावेज रखे हुए थे।

इसी प्रकार भोपाल निवासी सुनंदा कीर मथुरा जाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंची थी। प्लेटफार्मक क्रमांक 6 पर टिकट विंडो पर टिकट लेते समय उन्होंने अपना मोबाइल फोन काउंटर पर रख दिया था। टिकट लेने के बाद देखा तो उनका मोबाइल गायब हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार उज्जैन निवासी अंकित प्रजापति इंदौर भोपाल पैसेंजर से भोपाल स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन से उतरने के बाद वह प्लेटफार्म क्रमांक छह पर जाकर सो गया।



### ग्वालियर से भोपाल की कर रहे थे यात्रा

इस दौरान किसी ने उसकी जेब में रखा 21 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया। बैग से निकाला मोबाइल फोन भोपाल निवासी प्रशांत जोशी एपी एक्सप्रेस में ग्वालियर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन पिट्ठू बैग में रखा था। झांसी स्टेशन निकलने के बाद वह अपनी सीट पर सो गए थे। भोपाल आने से पहले उनकी नींद खुली तो बैग के अंदर रखा मोबाइल गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 9 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार सागर निवासी तनवीर आलम राजधानी एक्सप्रेस में झांसी से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन सीट पर सिरहाने रखा था। भोपाल स्टेशन आने से कुछ समय पहले देखा तो मोबाइल चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई गई है। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** छीनाझपटी में आटो से गिरी महिला को आई चोट

# कट मारने के बाद ऑटो में बैठी बुजुर्ग महिला का बैग लूटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। हनुमानगंज स्थित हमीदिया रोड पर दोपहिया वाहन पर सवार दो बदमाशों ने कट मारने के बाद आटो में बैठी बुजुर्ग महिला का बैग छीन लिया। इस छीनाझपटी के दौरान महिला आटो से गिरकर घायल हो गई। घटना सुबह करीब छह बजे मनोहर डेरी के सामने हुई। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपियों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। घटना के समय महिला अपने पति के साथ एक शादी समारोह में जाने के लिए निकली थी।



जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम साहू (61) हाउसिंग बोर्ड कालोनी टीला जमालपुरा में रहते हैं। बुधवार सुबह वह अपनी पत्नी वैजंतीबाई साहू के साथ नरसिंहपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। बेटे आशीष साहू ने सिंधी कालोनी स्थित मंदिर के पास दोनों लोगों को एक आटो में बिठाकर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया और वापस घर लौट गया। आटो में बैठकर साहू दंपति हमीदिया रोड स्थित सब्जी मंडी के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक दोपहिया वाहन पर सवार दो लड़कों ने उनके आटो को कट मार दी और आगे जाकर रुक गए। इस पर वैजंतीबाई ने लड़कों से बोला कि बेटा इतनी चौड़ी सड़क खाली पड़ी है, फिर आटो से क्यों भिड़ रहे हो। इतना सुनने के बाद दोनों लड़के स्टेशन की तरफ चले गए। डेरी के सामने झपट्टा मारकर छीना बैग साहू दंपति जब मनोहर डेरी के सामने पहुंचे तो उन्हीं लड़कों में से एक दोपहिया से उतरा और आटो में बैठी वैजंतीबाई के हाथ से उनका बैग छीन लिया और भाग निकले। इस छीनाझपटी के दौरान वैजंतीबाई आटो से गिरकर घायल हो गई। पुरुषोत्तम उसी आटो से पत्नी को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने वैजंती को भर्ती कर लिया। उसके बाद पुरुषोत्तम ने थाने जाकर लूट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। लूटे गए बैग में एक सोने का हार, कीपैड वाले दो मोबाइल फोन और नकद रुपए रखे हुए थे।

### सूने मकानों से लाखों का सामान चोरी

इधर अवधपुरी थानांतर्गत वर्धमान ग्रीनवैली में रहने वाले दीपक घोड़की के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 1 लाख 50 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार निशातपुरा थानांतर्गत नीलकंठ कालोनी में रहने वाले पवन चौहान के सूने मकान से चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 50 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इधर ऐशबाग थानांतर्गत बिहारी मोहल्ला स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चोर दो गैस सिलेंडर और बैटरी समेत करीब दस हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने बताया कि मकान में पेटीस बनाने का काम होता है। मंगलवार रात करीब एक बजे मजदूर काम बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब सात पहुंचे तो ताला टूटा मिला और सामान गायब था। पुलिस ने कर्मचारी सोनू सिलावट की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कारखाना मालिक के बाहर से लौटने पर चोरी गए कुल सामान और कीमत का खुलासा हो पाएगा।

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**

ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वी वाहिनी/विसबल./QM/907/A/2025 दिनांकः 05/05/2025

:: ई-निविदा सूचना ::

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल के पर्यवेक्षण में आयोजित होने वाले विभिन्न राज्य स्तरीय आयोजन, शासकीय कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं तथा भर्ती इत्यादि समय बैठक व्यवस्था के समय लगने वाली टेण्ट सामग्री हेतु दरें (प्रति इकाई) प्राप्त किये जाने के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in/ तथा www.mppolice.gov.in पर उपलब्ध हैं, ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा, इस हेतु ई-निविदा पोर्टल पर अद्यतन रहें।

हेतु-सेनानी
G-12563/25 "स्वच्छता ही सेवा" 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022